बजट-2008 अत्यंत महत्वपूर्ण

छत्तीसगढ़ शासन
वित्त तथा योजना विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 55/प्र.स./वित्त/08 रायपुर, दिनांक 02 अप्रैल, 2008.

प्रति,

समस्त अपर मुख्य सचिव,
समस्त प्रमुख सचिव/सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
विभाग .....

विषय:- वर्ष 2008-09 के बजट में प्रावधानित राशि विमुक्ति बाबत् ।

वित्तीय वर्ष 2008-09 के बजट में विभिन्न विभागों हेतु प्रावधानित आवंटन की संसूचना दिनांक 1.4.2008 को सभी बजट नियंत्रण अधिकारियों को जारी कर दी गयी है । **अब विभाग के अधीनस्थ बजट नियंत्रण अधिकारियों द्वारा मैदानी स्तर के कार्यालयों हेतु उक्त बजट प्रावधानों का आवंटन किया जाना है ।**

2. अत: आपसे अनुरोध है कि कृपया आपके अधीनस्थ सभी विभागाध्यक्षों/बजट नियंत्रण अधिकारियों को यह निर्देशित करें कि वे ई-कोष की सेंट्रल सर्वर में अधीनस्थ कार्यालयों के लिए प्रावधानित आवंटन की प्रविष्टि कराएं, ताकि अधीनस्थ कार्यालय इसका समय पर आहरण कर सके । **कृपया यह कार्यवाही दिनांक 10.04.08 तक सुनिश्चित कर ली जावे ।**

(डी.एस. मिश्र)
प्रमुख सचिव
वित्त तथा योजना विभाग

पृ. क्र. /प्र.स./वित्त/08 रायपुर, दिनांक 02 अप्रैल, 2008.

प्रतिलिपि:-

1. समस्त विशेष सहायक/निजी सचिव, माननीय मंत्रीजी/राज्यमंत्रीजी को अवगत कराने हेतु अग्रेषित ।
2. मुख्य सचिव महोदय, छत्तीसगढ़ शासन, मंत्रालय की ओर सूचनार्थ प्रेषित

प्रमुख सचिव
वित्त तथा योजना विभाग